हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 मई 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 29 डिग्री


12 सहकारिता एक आर्थिक मॉडल नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक ...



14 अर्जुनी में 80 लाख से बना सिटी बस डिपो कांजी हाउस...




## खबर संक्षेप

### कन्या महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा 19 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत बीए द्वितीय सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी भूगोल विषय की छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 19 मई को प्रातः 9 बजे होगी। सभी परीक्षार्थी को अपने प्रेक्टिकल रिकार्ड एवं आवश्यक सामग्रियों के साथ नियत तिथि तथा समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होने कहा गया है।

### सेमरा डी में कमल वाहिनी गठित

**कुरुद।** धमतरी ब्लाक के ग्राम सेमरा (डी) में कमल वाहिनी का गठन किया गया। अध्यक्ष मोहन साहू, उपाध्यक्ष नितेश मांडवी, सचिव भीम साहू, कोषाध्यक्ष उमेश साहू बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में लक्ष्मीनाथ, कीर्ति साहू, मिथिलेश साहू, होमेन्द्र साहू, हेमंत साहू, रविशंकर साहू, गजानंद साहू, जितेन्द्र साहू, देवेन्द्र साहू, कुमेश्वर साहू, हेमंत पटेल शामिल हैं।

### पीएटी की प्रवेश परीक्षा आज

**धमतरी।** व्यापंम व्दारा गुरूवार 15 मई गुरूवार को पी.ए.टी. की प्रवेश परीक्षा एक पॉली में प्रातः 9:30 से 12:15 बजे तक आयोजित की गई है। परीक्षा के लिए 5 केन्द्र-पीजी कालेज, कन्या महाविद्यालय, शिवसिंह वर्मा, डॉ. शोभाराम देवांगन, नगर निगम स्कूल शामिल हैं। जिले में कुल 1424 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

नए कार्यों को नहीं मिल रहा स्थान, पुराने को पूरा करने में ही खत्म हो जाएगी राशि

# मनरेगा में चली कैंची, डिमांड का 50 प्रतिशत बजट भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मनरेगा के बजट में ऐसी कैंची चली कि पुराने काम को पूरा करने के लिए ही रुपए पूरे नहीं पड़ रहे हैं। नया काम के बारे में तो सोचना भी मुश्किल हो गया है। यही नहीं मनरेगा के कर्मचारियों को भी तीन माह से भुगतान नहीं किया गया है। मटेरियल सप्लायरों का भी करोड़ों रुपए का भुगतान पेंडिंग हैं। धमतरी से लेकर दिल्ली तक भाजपा की सरकार है। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि जिले और प्रदेश को अब भरपूर बजट मिलेगा, लेकिन मनरेगा के बजट में कटौती ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शासन ने मनरेगा के बजट में बेरहमी से कैंची चलाई है। इस योजना के तहत सालाना करीब 60 लाख मानव दिवस का लक्ष्य दिया जाता था। वर्ष 2020-21 में तो भरपूर बजट दिया गया था। कोरोना संकट के बीच लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से 85 लाख मानव दिवस का बजट का लक्ष्य दिया गया था। इसके बाद से साल दर साल बजट में कटौती की जा रही है। इस साल तो मात्र 30 लाख मानव दिवस का लक्ष्य दिया गया है। अभी बड़ी संख्या में पुराने काम अधूरे पड़े हुए हैं। मनरेगा के इस बजट में पुराने कामों को कम्पलीट करना मुश्किल है। पुराने कामों को कम्पलीट करने के लिए कम से कम 40 लाख मानव दिवस की आवश्यकता पड़ेगी। ऐसे में नए कामों को लेकर मनरेगा में कोई प्लानिंग नहीं की जा रही है। उधर मनरेगा को लेकर मजदूरों की चिंता बढ़ती जा रही है। अभी खेती किसानी का काम चल रहा है। खेती किसानी समाप्त होने के बाद किसान काम के लिए डिमांड करेंगे लेकिन बजट नहीं होने के कारण उन्हें निराश होना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत से शासन को करीब 70 लाख मानव दिवस की डिमांड भेजी गई है। ताकि सभी प्रकार के कार्य किए जा सके लेकिन शासन से डिमांड के विरूद 50 प्रतिशत बजट भी नहीं भेजा गया है।

#### पीएम आवास में ही खप जाएगा बजट

मनरेगा के तहत अभी प्रमुख रूप से पीएम आवास के काम चल रहे हैं। वर्तमान में करीब 20000 आवास निर्माण चल रहा है। इसके अतिरिक्त और आवास स्वीकृत होने की तैयारी चल रही है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में चल रहे 20000 आवास में ही करीब 22 लाख मानव दिवस खर्च हो जाएंगे। बाकी के आंगनबाड़ी निर्माण, सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सहित अन्य कार्यों में खर्च होगा। बड़े कार्यों के लिए फिलहाल मनरेगा में कोई जगह नहीं है।



फाइल फोटो

#### तीन माह से वेतन नहीं

मनरेगा के तहत जिले में 435 कर्मचारी कार्यरत हैं। हर बार इन कर्मचारियों को वेतन के लिए मुंह ताकना पड़ता है। इससे पहले कर्मचारियों को पांच माह से वेतन नहीं मिला था। मार्च माह में अक्टूबर से लेकर फरवरी माह तक का वेतन एक साथ दिया गया था। अब मार्च से लेकर मई माह तक का वेतन फिर से पेंडिंग है। वहीं मटेरियल सप्लायरों का भी करीब 6 करोड़ रुपए का भुगतान अटका हुआ है। राहत की बात है कि मजदूरों को समय पर भुगतान किया जा रहा है।

## हनुमानजी का फलों से श्रृंगार



**धमतरी।** पुराना बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में प्रति मंगलवार विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। 13 मई को आम और खरबूज से सजावट की गई।

## चेंबर आफ कॉमर्स व सराफा एसोसिएशन ने एसपी सूरज सिंह से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ज्वेलरी शाप में हुई फायरिंग की घटना को लेकर सराफा एसोसिएशन व चेंबर्स आफ कॉमर्स के व्यापारियों ने बुधवार को एसपी सूरजसिंह परिहार से मुलाकात कर सुरक्षा की मांग की। सराफा एसो. के अध्यक्ष ललित बरडिया ने मीडिया को बताया कि रात्रि 8 बजे हुई इस तरह की घटना झकझोर कर देने वाली है। वहीं चेंबर्स आफ कामर्स के पदाधिकारी दिनेश रोहरा ने मीडिया को बताया कि विगत दो तीन वर्षों से शहर में अपराध में वृद्धि हुई है। जिसमें व्यापारी व आमजनता असुरक्षित है। ज्वेलरी शाप में वारदात करने वाले आरोपियों को जल्द पकड़ा जाना चाहिए।

## तालाब में नहाने गए दो बालक डूबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

- एक की मौत, दूसरा अस्पताल में भर्ती



भीषण गर्मी-उमस के बीच देर शाम को तालाब में नहाने गए दो बच्चे डूब गए। लोगों की नजर पड़ने पर इसमें से एक बच्चे को बचा लिया गया, जबकि दूसरे की डूबने से मौत हो गई। शहर के बठेना अस्पताल में बच्चे को भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

मंगलवार को यह घटना भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम जुनवानी की है। बताया गया है कि देर शाम 5.30 बजे गांव के दो बच्चे तनुजदास मानिकपुरी उम्र 11 वर्ष पिता नरोत्तम दास तथा विवेक साहू उम्र 7 वर्ष पिता ऋषिकुमार नहाने के लिए तालाब गए थे। नहाते-नहाते दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए। वापस किनारे में आने के लिए बच्चों ने बहुत कोशिश की, लेकिन दोनों डूब गए। इस बीच तालाब में डूबते बच्चों पर एक व्यक्ति की नजर पड़ गई। तत्काल उसने तालाब में छलांग लगाकर बच्चों की पता तलाश की। काफी मशक्क्त के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया।

तत्काल दोनों बच्चों को लेकर गुजरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद बालक तनुज दास मानिकपुरी को मृत घोषित कर दिया। दूसरा बालक विवेक साहू की स्थिति गंभीर है। गुजरा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर धमतरी रिफर कर दिया गया।

भखारा थानेदार उमाकांत तिवारी ने बताया कि ग्राम जुनवानी में शाम को दो बच्चे नहाने के लिए तालाब गए थे जहां डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। उसे इलाज के लिए बठेना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

#### गांव में शोक की लहर

ग्रामीण रितेश नागरची ने बताया कि इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। पेशे से मजदूर नरोत्तम के पुत्र तनुज कुमार इस साल 5वीं उत्तीर्ण होकर 6वीं क्लास में पहुंचे थे। इसी तरह किसान ऋषि कुमार का पुत्र कक्षा दूसरी का छात्र है, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

## छग के मंत्रिमंडल में समन्वय और विश्वास की कमी : बघेल

- पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव का धमतरी के कांग्रेसियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव का बस्तर प्रवास के दौरान मुजगहन बाईपास के पास कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर विधायक ओंकार साहू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, शहर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के एक महत्वपूर्ण मुद्दे को उजागर करते हुए मीडिया से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के बयान में अंतर से यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल में समन्वय और विश्वास की कमी है। सरकार दिशाहीन हो गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया है कि बीजापुर में 8 मई की रात में 22 से अधिक नक्सली मार गिराए, जबकि गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि न ही कोई ऑपरेशन संकल्प चल रहा है और न ही ऐसी कोई संख्या है। यह स्पष्ट नहीं है कि किसका दावा सही है, लेकिन दोनों के बयान में अंतर से यह जरूर पता चलता है कि सरकार में समन्वय की कमी है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान में विरोधाभास है, जिससे मन में संदेह पैदा हो गया है। इसी से जुड़े कुछ सवालों को लेकर हम बस्तर दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान दयाराम साहू, होमेश्वर साहू सरपंच मुजगहन, विशु देवांगन, सोमेश मेश्राम, ऋषभ ठाकुर पार्षद, विक्रम साहू , उत्तम साहू, धर्मेंद्र पटेल, कौशल तारक समेत अन्य मौजूद रहे।

## मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन किया तो परमिट होगा रद्द

- एएसपी ने मालवाहक वाहन मालिक, चालक व यूनियन की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भीषण सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन नहीं करने व आदेश की अवहेलना किए जाने पर उक्त वाहनों की परमिट को रद्द करने का निर्देश दिया गया है।

रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर खरोरा के पास बीते दिनों हुए भीषण सड़क हादसे को देखते हुए एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर एएसपी मणिशंकर चंद्रा एवं यातायात डीएसपी मोनिका मरावी द्वारा यातायात प्रभारी एसआई खेमराज साहू व रामकृष्ण साहू की उपस्थिति में शहर में चलने वाली बस, भारी मालवाहक वाहनों के मालिक तथा यूनियन के अध्यक्ष व सदस्यों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वाहन चालकों को शहर के भीतर संबलपुर, श्यामतराई बाईपास से कोलियारी मोड़ तक 20 किमी प्रतिघंटे की गति से वाहन चलाने, शहर के बाहर व हाइवे वाले क्षेत्र में गति न्यूनतम 30 किमी प्रति घंटा एवं अन्य क्षेत्र में अधिकतम 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से वाहन चलाने के लिए कहा गया है। भारी वाहन चालकों को अपना हैवी ड्राइविंग लायसेंस रखने, वैध लाइसेंसधारी द्वारा ही वाहन चलाने, कंडक्टर से वाहन नहीं चलवाने के निर्देश दिए गए। निर्धारित क्षमता से अधिक माल व सवारी का परिवहन नहीं करने, ट्रेफिक सिग्नल व यातायात नियमों का पालन करने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, निर्धारित स्थान पर ही सवारी उतारने चढ़ाने, सड़क किनारे कहीं भी अनावश्यक पार्किग नहीं करने की हिदायत दी गई। रात्रि में बेहतर दृश्यता के लिए ट्रक व बस के पीछे त्रिभुजाकार रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाने कहा गया। वाहनों में रेत, गिट्टी, डस्ट परिवहन करते समय तिरपाल से ढंककर रस्सी बांधने के लिए कहा गया। आवागमन के दौरान कही भी सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल 100 नंबर या 108 एम्बुलेंस को सूचित कर घायलों की मदद करने के लिए कहा गया। रेत परिवहन करने वाले हाइवा वाहनों को शहर


⏩ शेष पेज 12 पर


## वृंदावन तालाब में डूबने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

वृंदावन तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई। इंदिरा नगर कुरुद निवासी मुकेश उर्फ मुक्कु पिता मगकु ध्रुव उम्र 45 वर्ष सुबह करीबन 10 बजे वृंदावन तालाब में नहाने के लिए गया था। नहाते वक्त गहरे पानी में चले जाने से पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

दिन-रात कट रहे गांधी मैदान में, मच्छर-मक्खी और गर्मी से नहीं टूट रहा मनोबल

# राशन, पानी लेकर नाराज डूब प्रभावित आंदोलन पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

व्यवस्थापन नहीं होने से नाराज डूब प्रभावितों ने जोगीडीह में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इसके बाद वे बोरिया बिस्तर लेकर गांधी मैदान पहुंचे और वहां धरने पर बैठ गए। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट से आदेश मिलने के बाद भी डूब प्रभावितों को व्यवस्थापित नहीं किया गया है। उन्होंने 15 मई को कलेक्टोरेट एवं 16 मई को मुख्यमंत्री निवास के घेराव की चेतावनी भी दी है।

मंगलवार को बड़ी संख्या में डूब प्रभावित ग्राम जोगीडीह पहुंचे और वहां पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस प्रदर्शन का जोगीडीह के ग्रामीणों ने विरोध भी किया। स्थिति को देखते हुए सभी जोगीडीह छोड़कर वे गांधी मैदान में बोरिया बिस्तर लेकर आ गए। यहां पर उनका अनिश्चितकालीन कालीन धरना जारी है। डूब प्रभावितों ने बताया कि


⏩ शेष पेज 12 पर






#### शांतिपूर्वक करेंगे आंदोलन

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हर्ष मरकाम ने बताया कि उनका आंदोलन शांतिपूर्वक रहेगा। गुरुवार को वे सदर बाजार और रामबाग होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचेंगे और कलेक्टोरेट का घेराव कर ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद शुक्रवार को वे रायपुर जाकर मुख्यमंत्री का घेराव कर ज्ञापन सौंपेंगे। धरना अनिश्चितकालीन है। ज्ञापन सौंपने के बाद वे फिर से धरने पर बैठेंगे।

#### खाना पीना सब धरना स्थल में

आंदोलनकारी डूब प्रभावित पूरी तैयारी के साथ आए हैं। वे 24 घंटे धरने पर बैठे हैं। राशन सामग्री साथ लेकर चल रहे हैं। शाम को सभी ने सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया और एक साथ खाया। मच्छर मक्खी से वे परेशान हैं, फिर भी उनका मनोबल नहीं टूट रहा है। भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप में उनका आंदोलन जारी है। उन्होंने बताया कि वे हर हाल में अपना हक लेकर रहेंगे। परेशानियां उनका मनोबल नहीं तोड़ सकती।

#### फिर क्यों नहीं देते जमीन

आंदोलनकारियों ने बताया कि जब भी अधिकारियों के पास जाते हैं, उन्हें जवाब दिया जाता है कि वन विभाग और सिंचाई विभाग से उन्हें जमीन हैंड ओव्हर नहीं किया गया है। इसकी जानकारी उन्होंने आरटीआई के तहत निकाली तो पता चला कि कम्पार्टमेंट नम्बर 160 डूब प्रभावितों को व्यवस्थापित करने के लिए दिया गया है। सिंचाई विभाग से जमीन मिली है कि नहीं, उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग ने जोगीडीह में कई डूब प्रभावितों को व्यवस्थापित किया है। यदि जमीन पर अधिकार नहीं मिला है तो इन लोगों को कैसे जमीन का आवंटन किया गया है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### अनिकेत वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना चाहता है

**जीजामगांव।** सीबीएससी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी किया। डीपीएस विद्यालय के छात्र अनिकेत पिता प्रमोद गायकवाड़ माता रूपल गायकवाड़ जीजामगांव निवासी ने 10वीं में 93.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



- सीबीएससी 10वीं में डीपीएस के छात्र ने 93 .04 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

अनिकेत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। वह आगे गणित विषय की पढ़ाई कर वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना चाहता है। छात्र की इस उपलब्धि पर जमुनाबाई गायकवाड़, सुषमा जाधव, प्राचार्य सहित विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

### ग्राम छोटेबेठिया उमरादाह, बैजनपुरी व बागोडार में 15 को समाधान शिविर

**कांकेर।** सुशासन तिहार के तहत आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण एवं शासन की जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निर्धारित क्लस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगामी 15 मई को जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के क्लस्टर छोटेबेठिया अंतर्गत ग्राम बेलगाल, जबेली, जनकपुर, धरमपुर, आकमेटा, कंदाड़ी, रेंगावाही, नागरदण्ड, ताड़वायली, सितरम, हनुमानपुर, छोटेबेठिया, श्रीपुर माचपल्ली और स्वरूपनगर के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत नरहरपुर के क्लस्टर उमरादाह अंतर्गत ग्राम श्रीगुहान, हटका चारामा, किशनपुरी, आंखीहर्रा, कोचवाही, रिसेवाड़ा, बनसागर, उमरादाह, चरभट्टी, कुरना, चवांड़, ढेकुना, अमोड़ा और जुनवानी। भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के क्लस्टर बैजनपुरी के ग्राम कुर्री, बैजनपुरी, कनेचुर, डुमरकोट, भैसाकन्हार डू, सेलेगांव, हरनपुरी, चिल्हाटी और कोरर शामिल होंगे। जनपद पंचायत कांकेर के क्लस्टर बागोडार अंतर्गत ग्राम कोकड़ी बागोडार, नारा, हाटकोंगेरा, गोतपुर, सिदेसर, पेटोली, पांडरवाही, किरगोली आदि के ग्रामीण सम्मिलित होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन किया तो परमिट होगी रद्द

के अंदर निर्धारित प्रतिबंधित समय सुबह 8 से रात्रि 10 बजे तक चालन करने व परिवहन के दौरान पिटपास रखने के निर्देश दिए गए हैं।

रुद्री थाना प्रभारी ने भी मालवाहक वाहन के मालिकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन करते पाए जाने पर परमिट रद्द किए जाने की चेतावनी दी गई है। बैठक में बस यूनियन धमतरी के अध्यक्ष महावीरप्रसाद गुप्ता, हाइवा वाहन यूनियन के प्रमोद साहू, मुकेश कोटवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### राशन, पानी लेकर नाराज डूब प्रभावित आंदोलन पर बैठे

गंगरेल बांध डूब प्रभावितों के मामले में सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ ने 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया है कि उक्त आदेश की प्रति प्राप्त होने पर 3 माह के भीतर सक्षम प्राधिकारी जांच प्रारंभ करे और गंगरेल बांध के पात्र डूब प्रभावितों को भूमि आवंटित करें लेकिन आज लगभग 4 वर्ष पश्चात भी उच्च न्यायालय के इस आदेश पालन नहीं हुआ है। गंगरेल बांध डूब प्रभावित निम्न और गरीब वर्ग से हैं। संबंधित विभाग लगातार आवेदन करते आ रहे हैं। सुनवाई नहीं होने से अब उनके सब्र का बांध टूटने लगा है और वे आंदोलन कर रहे हैं।

---

कचना सोसाइटी परिसर में पैक्स समितियों के कृषकों एवं सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

# सहकारिता एक आर्थिक मॉडल नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की शिक्षा भी देती है : नंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना को साकार करने, सहकारिता आंदोलन को मजबूत व जीवंत बनाने के ऐतिहासिक योजनाओं से अवगत कराने को-ऑपरेटिव बैंक शाखा दरबा अंतर्गत पांच पैक्स समितियों के कृषकों एवं सदस्यों के लिए जिला सहकारी संघ द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कचना के कार्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अलख राम साहू प्राधिकृत अधिकारी पैक्स कचना, जितेंद्र नंदा सहकारिता विस्तार अधिकारी विकासखंड कुरूद, सीपी साहू प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी संघ धमतरी, डॉ. एएन दीक्षित प्रशिक्षक ने किया।




इस अवसर पर सहकारिता विस्तार अधिकारी श्री नंदा ने कहा कि सहकारिता ने विशेषकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में अपनी जो जगह बनाई है, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। सहकारिता केवल एक आर्थिक मॉडल मात्र नहीं है, बल्कि यह स्व सहायता, सामूहिक हित, लोकतांत्रिक मूल्य जैसे उच्च मानवीय मूल्यों की शिक्षा भी देती है। प्रशिक्षक डॉ.दीक्षित ने कहा कि हमारे देश की 65 प्रतिशत आबादी गांव में रहती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है। कृषि साख की 36 सृजित पूर्ति सहकारी समितियां करती हैं। कृषि उत्पादों की खरीद में भूमिका निभाकर यह समितियां किसानों को शोषण से बचाती है। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष 25 लाख किसानों से 149.25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जिसके लिए किसानों को 31049 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। डेयरी समितियां प्रतिदिन 1.6 करोड़ किसानों से 30 मिलियन लीटर दूध खरीद रही हैं। इन प्रयासों ने भारत का दुग्ध उत्पादन 220 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष तक पहुंचा दिया है। सहकारी क्षेत्र में संचालित चीनी मिलें देश के चीनी उत्पादन का 45 प्रतिशत भाग उत्पादन कर रही हैं। इसके अतिरिक्त मछली पालन, बुनकर समिति, परिवहन समिति, आवास समिति के रूप में सहकारिता के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। अनाज भंडारण के क्षेत्र में भी सहकारी समितियां अग्रणी हैं। देश के अनाज भंडारण का 30 प्रतिशत भाग सहकारी क्षेत्र में है। महिलाओं को विकास की मुख्य धारा में लाने हेतु आज 12 प्रतिशत समितियां महिला नेतृत्ववाली हैं। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक एपी गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन पैक्स कचना प्रबंधक बंशी निषाद ने किया।

# कुरुद क्षेत्र उच्च शिक्षा की दिशा में होगा और सशक्त

- नवीन महाविद्यालय सिर्री के लिए 34 पद हुए सृजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद विधानसभा क्षेत्र को सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पटल पर स्थान दिलाने क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर अनवरत प्रयासरत हैं। परिणाम स्वरूप कुरुद के विकास से जुड़े उनकी मांगों को प्रदेश के विष्णु देव की अगुवाई वाली सरकार सांय सांय पूरा कर रही है। जिसमे सिर्री में नवीन महाविद्यालय की स्थापना के बाद इसी सत्र से संचालन शुरू करने विभिन्न 34 पदों के सृजन की स्वीकृति हुई है।

गौरतलब है कि जुलाई 2024 में आहूत छग विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक अजय चंद्राकर ने सिर्री में नवीन महाविद्यालय की घोषणा किये जाने की मांग की थी थी जिसे राज्य सरकार ने पूरा करते हुए



50 लाख रु. के प्रावधान के साथ नवीन महाविद्यालय की घोषणा की थी। तत्पश्चात पुनः विधायक श्री चंद्राकर ने सिर्री महाविद्यालय में शिक्षण सत्र जल्द शुरू करने मुख्य बजट 2024-25 के अनुपूरक बजट में उक्त महाविद्यालय के लिए पद सृजन करने की मांग की थी जिसे भी राज्य सरकार ने पूरा कर दिया है। अब यहां चौकीदार से लेकर प्राचार्य तक के विभिन्न 34 पद के सृजन की हरी झंडी छग शासन के उच्च शिक्षा विभाग से मिल चुकी है। उक्त स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष कुरुद, डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा, थानेश्वर तारक, टिकेश्वर चंद्राकर, थानेश्वर साहू, पुष्पेंद्र साहू, चंचल साहू, देवेंद्र साहू ने हर्ष जताते हुए पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का आभार माना है।

### इन 14 पद नाम के लिए 34 पद होंगे सृजित

विधायक निवास रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार प्राचार्य अकादमिक लेवल-14+2000 विशेष भत्ता के साथ 1 पद, सहायक प्राध्यापक अकादमिक लेवल-10 के लिए 12 पद, ग्रंथपाल अकादमिक लेवल-10 के लिए 1 पद, क्रीडाधिकारी अकादमिक लेवल-10 हेतु 1 पद, प्रयोगशाला तकनीशियन। लेवल-06 के लिए 5 पद, सहायक ग्रेड 1 लेवल-07 के लिए 1 पद, सहायक ग्रेड 2 लेवल-06 के लिए 1 पद। सहायक ग्रेड 3 लेवल-04 हेतु 1 पद, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर लेवल-06 हेतु 1 पद, प्रयोगशाला परिचारक लेवल-03 हेतु 5 पद सृजित किए गए। इसी तारतम्य में लेवल-01 के तहत भृत्य, बुक लिफ्टर, स्वच्छक एवं चौकीदार के लिए प्रत्येक हेतु एक-एक पद सृजन की अनुमति प्राप्त हुई है।

# गायत्री परिवार ने किया पुष्पांजलि का सम्मान



**धमतरी।** सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 10 वीं की छात्रा पुष्पांजलि साहू ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह गायत्री परिवार महिला मण्डल की वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व ट्रस्टी श्रीमती पद्मनी साहू की पुत्री है। उनकी इस सफलता पर गायत्री परिवार ने गायत्री मंत्र शाल, श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। वरिष्ठ परिजन धन्वंतरि नाग ने बधाई गीत प्रस्तुत किया। मौके पर जिला समन्वयक दिलीप नाग, ब्लाक समन्वयक उगेश बंसोर, इकाई प्रमुख संदीप देशमुख, प्रदीप देवांगन, समाज सेवी लक्ष्मीनारायण साहू, साक्षी देशमुख, पद्मनी साहू उपस्थित थे।

# स्पॉट पर ही 1905 आवेदनों का निराकरण

- सुशासन तिहार : नगर निगम ने पुरानी मंडी में समाधान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत पुराना मंडी परिसर में बुधवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों का स्टाल लगाया गया था। वहां उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों ने हितग्राहियों के मसलों का समाधान किया। सैकड़ों आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। हितग्राहियों को विभिन्न सामग्री व चेक दिया गया। निगम के 20 वार्ड के रहवासी इस समाधान शिविर में लाभान्वित हुए जिसमें हटकेशर, सुभाषनगर, शीतलापारा, लालबगीचा, सरदार वल्लभभाई



पटेल, सुंदरगंज, औद्योगिक वार्ड, नवागांव वार्ड, मकेश्वर वार्ड, आमापारा, सदर उत्तर, जालमपुर, विवेकानंद वार्ड, डाकबंगला, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, सोरिद, जोधापुर, मोटर स्टैंड, बनियापारा, बठेना शामिल हैं। शिविर में महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, स्पीकर कौशिल्या देवांगन, पार्षद राकेश चंदवानी, छोटू वर्मा मौजूद थे। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि शिविर के माध्यम से 1920 आवेदन आए जिसमें 1905 आवेदनों का निराकरण स्पाट में कर लिया गया। श्री रोहरा ने बताया कि राज्य में जिला तृतीय स्थान पर है। जहां समाधान शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ पहुंच रहा है। जिले में 96 से 98 प्रतिशत आवेदन निराकृत हो चुके हैं। शिविर में जनता से सीधे संवाद हुआ।

# गुदगुदा स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदगुदा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 74.57 प्रतिशत रहा। प्रथम नेमिष सिन्हा 83.5 प्रतिशत, द्वितीय वेणुका पटेल 81.1 प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत रहा। प्रथम धारणी 86.2 प्रतिशत, व्दितीय हेमपुष्पा साहू 77.8 प्रतिशत, तृतीय खिलेश्वरी 77.2 प्रतिशत रही। परीक्षा में सफल एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों को जनभागीदारी के अध्यक्ष एवन कुमार साहू, प्राचार्य टेकराम सोनकर, टिकेश्वर कुमार साहू, रमेश कुमार ध्रुव, शेखर चन्द्र ठाकुर, दीनदयाल साहू, तरुण कुमार सिन्हा,

- 10वीं में नेमिष, 12वीं में धारणी अव्वल



निलेश कुमार भारव्दाज, होमलाल देवांगन, टेमन लाल साहू, शीला साहू, डेमिन साहू, शिक्षक शोभाराम साहू, व्यायाम शिक्षक गैंदलाल साहू, बालमकुन्द साहू, घनश्याम साहू, रामेश्वर नगारची ने शुभकामनाएं दी है।

# प्रशिक्षण से खेल के प्रति बढ़ेगी छात्रों में रुचि : ज्योति




- आमदी में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमदी में ग्रीष्मकालीन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

मंगलवार को खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति साहू नगर अध्यक्ष थीं। अध्यक्षता शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमति ज्योति साहू ने की।

विशिष्ट अतिथि कोमल यादव नगर उपाध्यक्ष, चितेंद्र कुमार साहू पार्षद ,छबलू राम साहू पार्षद, जागेश्वर नेताम पार्षद, गीता साहू व्यायाम शिक्षिका, लोकेंद्र साहू शिक्षक, प्यारेलाल साहू सफाई कर्मी थे। शिविर प्रभारी तामेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि यहां सॉफ्ट टेनिस, लॉन टेनिस और बास्केटबॉल का निःशुल्क प्रशिक्षण 30 दिन तक दिया जाएगा और जो बच्चे निरंतर हिस्सा लेंगे उन्हें कलेक्टर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति साहू ने कहा कि ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण से बच्चों के भीतर खेल भावना का विकास होगा।

खेल के प्रति उसकी रुचि बढ़ेगी। जो विद्यार्थी टीवी, मोबाइल में अपना समय खराब करते हैं उनके लिए यह प्रशिक्षण वरदान साबित होगा। विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक विकास तेजी से बढ़ेगा।

# प्रभारी सचिव ने लीलर में निर्माणाधीन पीएम आवास का किया निरीक्षण



- हितग्राही हेमलता से चर्चा कर योजना का लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रदेश की अपर मुख्य सचिव एवं जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले जिले के प्रवास पर पहुंची। उन्होंने लीलर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवास का अवलोकन किया। श्रीमती पिल्ले ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित हितग्राही श्रीमती हेमलता नेताम से चर्चा कर योजना का फीडबैक लिया।

प्रभारी सचिव ने हितग्राही से आवास स्वीकृत होने का वर्ष, प्राप्त किस्तें, निर्माण सामग्री की खरीदी की जानकारी ली। श्रीमती हेमलता ने बताया कि वह जीवनयापन के लिए रोजी-मजदूरी का काम करती है और उनके पति सुरक्षा गार्ड का काम करते हैं। वह अपने परिवार के साथ पुराने कच्चे मकान में रहती हैं। उन्हें आए दिन कीड़े-मकौड़ों का डर और बरसात में छत टपकने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। हेमलता ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे सूची में उनका नाम आया और आवास निर्माण के लिए पहली किस्त भी मिल गई है। घर बनाने के लिए उसने स्वयं ईंट बनायी है और आवास निर्माण में काम भी कर रही है, ताकि वह इससे बचे पैसों से वह एक अतिरिक्त कमरा बनवा सके। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिपं श्रीमती रोमा श्रीवास्तव के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अधिवेशन में समाज के प्रतिभावानों का हुआ सम्मान

**नगरी।** सिहावा मंडल देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन 11 मई को देवांगन समाज भवन बेलरगांव में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम रहीं। उन्होंने समाज की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शिक्षा, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता के लिए शासन स्तर पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय देवांगन अध्यक्ष सिहावा मंडल देवांगन समाज ने की। विशिष्ट अतिथि गरिमा नेताम सदस्य जिपं धमतरी, नंदनी साहू सदस्य जनपद पंचायत नगरी, कैलाश प्रजापति अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव, रामगोपाल देवांगन संरक्षक धमतरी जिला देवांगन समाज, दउवालाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष जिला देवांगन समाज, प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य सिहावा, रीता नेताम सरपंच बेलरगांव, कृष्ण कुमार देवांगन पूर्व उपाध्यक्ष जिला देवांगन समाज, डॉ. अमृत लाल देवांगन, संरक्षक सिहावा मंडल देवांगन समाज, रिखीराम देवांगन संरक्षक सिहावा मंडल देवांगन समाज, पुष्पा देवांगन संरक्षक, जिला देवांगन समाज, सीमा देवांगन अध्यक्ष सिहावा महिला मंडल तथा जेठाराम देवांगन थे।

# समर कैंप से बच्चों की प्रतिभा में आ रहा निखार



- साहू समाज के इस आयोजन का सर्व समाज के बच्चे ले रहे लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

परिक्षेत्र साहू संघ जालमपुर द्वारा सर्व समाज के बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ सामुदायिक भवन में किया गया। प्रथम दिवस बच्चों को प्रार्थना, संस्कार, परिचय, इंग्लिश एक्टिविटी, कागज का उड़ता चिड़िया निर्माण के साथ में मनोरंजक गतिविधियां कराई गईं। कक्षा चौथी से आगे बड़ी कक्षाओं के बच्चों को परिक्षेत्र की ओर से एक पेन और कॉपी दी गई। आगामी दिवस पर योग शिक्षा, पेपर क्राफ्ट, ड्राइंग-पेंटिंग, अखबारी टोपी, डांस, नैतिक शिक्षा मनोरंजक गतिविधि गीत आदि का हुनर समर कैंप में सिखाया जाएगा। शुभारंभ पर जिला साहू संघ के सचिव लीलाराम साहू, धमतरी शहर तहसील सचिव डॉ. रामकुमार साहू, जालमपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र साहू, भोला साहू, शशि साहू ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। अतिथियों ने कहा कि समर कैंप बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक अच्छा प्लेटफार्म है। बच्चों को अपने माता-पिता, परिजन, समाज, देश, धर्म आदर सम्मान करने की नैतिक शिक्षा दी जा रही है। समर कैंप को सफल बनाने में परिक्षेत्र उपाध्यक्ष दिलीप साहू, मीना साहू समेत अन्य पदाधिकारी जुटे हैं।

भैंसबोड़ में शिवपुराण सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

# मेहनत करने से ही फल की प्राप्ति होती है : युवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया दुर्गा उत्सव समिति, गंजीर परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 19 मई तक श्री शिव पुराण कथा का आयोजन किया गया है। द्वितीय दिवस कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय अमलीपदर गरियाबंद ने सृष्टि वर्णन, लिंग उत्पत्ति एवं पार्थिव पूजन विधि की कथा बताई। पंडितजी ने आगे कहा कि मेहनत करने से ही हमें फल की प्राप्ति होती है, हम यदि मेहनत नही करेंगे तो हमें फल की प्राप्ति नहीं होगी। सफलता कोई एक रात में नहीं मिलती। इसके लिए धैर्य और लगातार मेहनत जरूरी है। कई बार असफलताओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनसे सीखकर और आगे बढ़ने की लगन ही आपको सफलता की ओर ले जाती है।





पंडित जी ने आगे बताया कि श्री शिवपुराण निष्काम भक्तों की कथा है, सकाम भक्तों की नहीं। सकाम भक्त वे होते हैं जो किसी चीज को मांगने के लिए भगवान की भक्ति करते हैं, जो किसी स्वार्थ को लेकर भगवान की भक्ति करते हैं। निष्काम भक्त वे होते हैं जो बिना कोई कामना के भक्ति करते हैं जो भगवान से कुछ नहीं मांगते केवल और केवल भक्ति करते रहते हैं। पार्थिव पूजन विधि के बारे में बताते हुए कहा कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने के लिए सबसे पहले मिट्टी का शिवलिंग बनाकर, उसे शुद्ध जल से स्नान कराएं, फिर दूध, दही, घी, शहद से अभिषेक करें और बेलपत्र, धतूरा, अक्षत, पुष्प आदि चढ़ाएं। उसके बाद, भगवान शिव के सामने दीपक और धूप जलाएं, भोग लगाएं, शिव चालीसा का पाठ करें, और ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। भगवान शिव की आरती करें। कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में दूर दराज से भक्त पहुंच रहे हैं।

# सेवानिवृत्त प्रबंधक को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

थुहा सोसाइटी के प्रबंधक भंवरलाल साहू को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। उन्होंने 38 वर्ष तक अपनी सेवा इस प्रबंधक के रूप में दी। इस अवसर पर सिन्धु बैस जनपद सभापति, टोमन बंजारे, जनपद सदस्य रुमान सिंह कुर्रे, संरपच लोमन ध्रुव, नरोत्तम साहू, सुरेन्द्र कुर्रे, उपेन्द्र साहू, नरेश साहू, दानेश्वर साहू, तेजराम साहू, देवेन्द्र साहू, खोमेश्वर साहू, राजकुमार बैस, पोखराज टंडन, देवधर साहू समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भुनेश्वरी सहारे को मिला राशन कार्ड का सहारा



**कांकेर।** जिले के दुर्गूकोंदल ब्लॉक के ग्राम कोड़ेकुर्से में समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें भुनेश्वरी सहारे ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत दिए गए आवेदन पर कैसे उन्हें राशन कार्ड मिला। श्रीमती सहारे ने बताया कि समाधान शिविर में जिला प्रशासन द्वारा उनकी मांग पर तत्काल राशन कार्ड बनाकर वितरित किया गया। राशन कार्ड बन जाने से अब उन्हें शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ मिलेगा। श्रीमती सहारे ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### लेबर भर्ती व मूलभूत सुविधाओं के लिए सौंपा गया ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत भैसाकन्हार द्वारा गोदावरी माइंस कच्चे में ग्राम पंचायत भैंसकन्हार से लेबर भर्ती और मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों ने भानुप्रतापपुर एसडीएम कार्यालय में कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। गोदावरी माइंस के अंतर्गत भैसाकन्हार ग्राम पंचायत आता है, परंतु गांव से किसी को लेबर भर्ती और विकास कार्य नहीं हुए है। विगत 15 सालों से संचालित हैं, परंतु भैसा कन्हार ग्राम प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आता हैं। परन्तु माइंस द्वारा आज तक हमारे ग्राम से लेबर भर्ती या फिर ग्राम के विकास से संबंधित कोई कार्य नहीं किया गया है। 10 दिन के भीतर यदि माइंस प्रबंधक द्वारा लेबर की भर्ती और मूलभूत सुविधाओं पर विचार नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। भैसाकन्हार के सरपंच, उपसरपंच व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महिला की ईलाज के दौरान हो गई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गोण्डाहूर थाना क्षेत्र के 55 वर्षीय झरना दास का ईलाज के दौरान धमतरी के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया था, जिसका 21 अप्रैल को ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान अस्पताल में मासूम की गई जान

**कांकेर।** सीएचसी पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि तीन वर्षीय हिमेश का स्वास्थ्य खराब होने के कारण ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी ईलाज के दौरान 4 मई को मौत हो गया। मर्ग डायरी परतापुर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नाबालिग का ईलाज के दौरान मौत, जांच जारी

**कांकेर।** सीएचसी पखांजुर में ईलाज के दौरान 24 अप्रैल को 16 वर्षीय सूरज साह का मौत हो गया। थाना पखांजुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी परतापुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### तैराकी की बारीकियां सीख रहे खिलाड़ी

**बीजापुर।** जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ 10 मई को किया गया। स्विमिंग पूल में चारों विकासखंड के विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 50 खिलाड़ी प्रतिदिन सुबह और शाम को तैराकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। कोच दीप्ति वर्मा द्वारा तैराकी की बेसिक जानकारी के साथ एडवांस तकनीक को बताते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ी बड़ी संख्या में तैराकी में रुचि ले रहे हैं तथा प्रतिभागियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। आदिवासी क्षेत्र के बच्चों में तैराकी की नैसर्गिक प्रतिभा पहले से ही होती है, जिसे इस शिविर के माध्यम से और बेहतर बनाते हुए, उन्हें प्रोफेशनल तैराक बनाया जा रहा है, ताकि वे खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगियों में अपने जिले, राज्य और आगे चल कर देश के लिए पदक अर्जित कर सकें।

---

लीलर और भुसरेंगा के समाधान शिविर में 99 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण

# प्रभारी सचिव ने किया समाधान शिविरों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत कुरूद विकासखण्ड के भुसरेंगा और धमतरी विकासखण्ड के लीलर में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन दोनों शिविरों के क्लस्टर में मिले 11 हजार 102 आवेदनों में से 99 प्रतिशत से अधिक 11 हजार 30 आवेदनों का निराकरण पूरा कर लिया गया है। इन दोनों शिविरों का जिले की प्रभारी सचिव और प्रदेश की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु. पिल्ले ने निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों से बात की और शासन की योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में पूछा। शिविरों में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, छग पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, विधायक ओंकार साहू, जनपद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव, जिपं सदस्य मोनिका देवांगन, जनपद सदस्य अनिता यादव, पूर्व विधायक रंजना साहू, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए।

सुशासन तिहार के दौरान लीलर क्लस्टर में 10 ग्राम पंचायतों कोलियारी, करेठा, अछोटा, मुड़पार, बरारी, भोयना, मथुराडीह, अरौद डू. जंवरगांव, अरौद ली. और लीलर को शामिल किया गया था। इस क्लस्टर में कुल 6 हजार 535 आवेदन मिले थे। जिनमें से 6 हजार 446 आवेदन मांग और 89 आवेदन शिकायत संबंधी थे। प्राप्त आवेदनों में से 6 हजार 417 मांग संबंधी आवेदनों और 86 शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण पूरा कर लिया गया है। इस प्रकार लीलर क्लस्टर में कुल प्राप्त आवेदनों में से 99.51 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

भुसरेंगा क्लस्टर में आयोजित शिविर में 10 ग्राम पंचायतों भुसरेंगा, कन्हारपुरी, चोरभट्ठी, कुर्रा, बगौद, बंजारी, बंगाली, राखी, भाठागांव, और डांडेसरा को शामिल किया गया था। इस क्लस्टर में कुल 4 हजार 567 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 4 हजार 380 आवेदन मांग और 187 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे। प्राप्त आवेदनों में से 4 हजार 335 मांग संबंधी और 182 शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कर जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी गई। इस प्रकार भुसरेंगा क्लस्टर में मिले आवेदनों में से 99.12 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है।

---

खैरझिटी स्कूल में दस दिवसीय निःशुल्क शैक्षिक समर कैंप का समापन

# बच्चों ने अखबार से टोपी मुखौटा बनाना सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय खैरझिटी में शाला प्रबंधन समिति के विशेष सहयोग से आयोजित निः शुल्क शैक्षिक समर कैंप का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक शाला समिति के अध्यक्ष हुलेश राम साहू, लक्षण साहू अध्यक्ष माध्यमिक शाला, स्मार्ट माता परमिला साहू, महेशू कश्यप ने किया। बच्चों ने समर कैंप में हस्तलिखित पुस्तिका, अखबार से टोपी, मिट्टी कला, मुखौटा निर्माण, पेंटिंग, चिड़िया पपेड, फ्रिंगर पपेड, स्टिक पपेड, धागा कला, सममिति आकृतियां, ज्यामितीय आकृतियां, पैटर्नों का क्रम, कागज से बैच निर्माण, हरी पत्तियों से कलाकृतियां, चित्रकारी का फीडबैक प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। समर कैंप में सौ प्रतिशत उपस्थित होने वाले सभी 30 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शेष 18 बच्चों को सांत्वना प्रोत्साहन हेतु पेन दिया गया। बच्चों में अभिनय कौशल विकसित करने नाटक चश्मा की महिमा, जैसी करनी वैसी भरनी, जल है तो कल है, का मंचन किया गया।कार्यक्रम को प्रधानपाठक द्वय मनोज कुमार साहू, खिलेश्वर कश्यप, शिक्षक ओमप्रकाश साहू ,नोहर सिंह कंवर ने संबोधित किया गया। शाला प्रबंधन समग्र शिक्षा समिति अध्यक्ष हुलेश राम साहू, सदस्य परमिला साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नोहर सिंह कंवर ने किया।

---

# अपराध पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर एसपी से मिले भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मंगलवार की शाम को शहर के एक सराफा व्यवसायी तथा उसकी बेटी पर नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला किया। गोलीबारी की घटना को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू भी इस प्रतिनिधि मंडल में शामिल थी। श्रीमती रंजना साहू ने इस घटना पर कहा कि धमतरी जैसे शांत क्षेत्र में गोलीबारी की घटना नाकाबिले बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। भाजपाइयों ने अवैध रूप से रह रहे लोगों की पता तलाशी कर उन्हें यहां से खदेड़ने की मांग की ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। नगर के युवाओं में नशे का बढ़ता चलना, जुआ, सट्टा इत्यादि के पूरे नेक्सस का पता लगाकर इस पर पूर्णतः रोक लगाने की मांग भी की। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से कविंद्र जैन, चेतन हिंदुजा, प्रकाश गोलछा, राजेश गोलछा, पवन गजपाल, डीपेंद्र साहू, देवेश अग्रवाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

# 18 महीने में निर्माण पूरा करने पर गृह प्रवेश सम्मान निधि भी मिलेगी

- पीएम आवास योजना शहरी 2.0, जिले के चार नगरीय निकायों में 280 नये आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सभी का पक्के मकानों में रहने का सपना पूरा हो रहा है। शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण इलाका, सरकार प्राथमिकता से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान बनाने के लिए स्वीकृति जारी कर रही है। धमतरी जिले में चार नगरीय निकायों में 280 गरीब परिवारों को जल्द ही पक्के मकान की सौगात मिल जाएगी। सरकार ने जिले के आमदी, धमतरी, कुरूद और नगरी नगरीय निकायों के लिए 280 प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृति दे दी है।

आमदी नगरपंचायत क्षेत्र में 30, धमतरी नगरनिगम क्षेत्र में 203, कुरूद नगर पंचायत क्षेत्र में 22 और नगरी नगर पंचायत क्षेत्र में 25 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है। यह स्वीकृति प्रधानमंत्री आवास योजना के डीएलसी घटक के तहत दी गई है। इन स्वीकृत आवासों को लाभार्थी द्वारा 18 महीने की अवधि में पूरा कर लेने पर मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान निधि का लाभ भी दिया जाएगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत प्रदेश में 54 नगरीय निकायों में 5 हजार 103 नये आवास निर्माण को स्वीकृति दी गई है, जिसका आदेश राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा जारी कर दिया गया है। श्री मिश्रा ने बताया कि धमतरी जिले में आमदी, धमतरी, कुरूद और नगरी नगरीय निकायों में 280 नये प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं।

---

### थूहा स्कूल में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थूहा में ग्रीष्मकालीन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 13 मई से 12 जून तक किया गया है। 14, 17 एवं 19 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे भाग ले रहे हैं। थूहा स्कूल में फुटबॉल, योगासन एवं कराते का विशेष शिविर लगा। पंजीकृत खिलाड़ियों को विभाग से प्रशस्ति पत्र दिया जावेगा। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य कुमार सेन, शंकरलाल साहू (व्याख्याता), शाला विकास समिति अध्यक्ष टेमन बंजारे, मुख्य अतिथि सरपंच लोमेश्वर ध्रुव, विशिष्ट अतिथि नरोत्तम साहू, तोरण साहू ने किया। अतिथियों ने खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताया।

---

# युवाओं को खुद का स्टार्टअप शुरू करने मिलेगी सहायता : कलेक्टर

- उद्यम से विकास श्रृंखला का दूसरा स्टार्टअप शिविर मगरलोड में लगा
- उद्यमियों ने दिए टिप्स, कॉलेज स्टूडेंट्स ने भी साझा किए आईडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



उद्यम से विकास श्रृंखला का दूसरा स्टार्टअप शिविर मगरलोड विकासखण्ड मुख्यालय में आईटीआई कॉलेज भवन में हुआ। युवाओं को स्टार्टअप शुरू कर रोजगार से जोड़ने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर मगरलोड विकासखण्ड में स्टार्टअप शिविर का आयोजन किया गया शिविर में मगरलोड क्षेत्र के शिक्षित और कॉलेज में पढ़ने वाले युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने और उसे चलाने से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। शिविर में कलेक्टर श्री मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में शामिल युवाओं और सफल उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने अपने महाविद्यालयीन जीवन और उनके कई सफल साथियों के कामों का उदाहरण देते हुए मगरलोड के युवाओं को भी अपने-अपने स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने पर प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। स्टार्टअप में जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, भारत सरकार के उद्योग विभाग के विकास अधिकारी किशोर इरपाटे सहित शासकीय कॉलेज और आईटीआई मगरलोड के प्राचार्य तथा प्राध्यापक भी मौजूद रहे। शिविर में मगरलोड के स्थानीय उद्यमियों सहित रायपुर और भिलाई के स्टार्टअप उद्यमी भी शामिल हुए और मगरलोड के युवाओं को स्टार्टअप को शुरू करने, उसे चलाने में आने वाली परेशानियों से निपटने, मार्केटिंग आदि के टिप्स दिए।

इस दौरान स्थानीय राइस मिलर उद्यमी ओमप्रकाश देवांगन ने प्रतिभागियों को राइस मिल के बारे में बताया। पुरूषोत्तम साहू ने रैपिंग पेपर प्रिंटिंग, डिजिटल प्रिंटिंग का व्यवसाय शुरू करने की जानकारी दी। सफल उद्यमी डॉ.नरेश बंजारे ने कंपनियों के गठन और उनके काम करने के तरीकों के बारे में बताया। बिजनेसगढ़ व स्टार्टअप के संस्थापक डॉ. डोमेन्द्र गंजीर और दुर्गेश गंजीर ने युवाओं को अपनी परिकल्पनाओं को व्यवसाय के रूप में अपनाकर सफल उद्यमी बनने के टिप्स दिए। मगरलोड कॉलेज के विद्यार्थी संदीप कुमार ने पौधों की ग्राफ्टिंग का स्टार्टअप शुरू करने, छात्रा प्रिया जैन ने बेकरी व्यवसाय, पूर्व छात्र जितेन्द्र साहू ने पोल्ट्री व्यवसाय, छात्र विरेन्द्र बिंझेकर ने वर्मी कम्पोस्ट व्यवसाय से लेकर गुरूकुल महाविद्यालय के छात्र देवेन्द्र सेन ने स्टेशनरी व्यवसाय के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक गोस्वामी ने बताया कि उद्यम स्थापित करने के लिए शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब मुद्रा लोन की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रूपये कर दिया गया है। लघु सूक्ष्म उद्योगों के लिए क्रेडिट गारंटी सीमा को भी दोगुना बढ़ाकर दस करोड़ रूपये तक कर दिया गया है। इसके साथ ही स्टार्टअप क्रेडिट गारंटी भी दी जा रही है।

---

# सुशासन समाधान शिविर में प्रमिला का बना आयुष्मान कार्ड

- कहा : अब चिंता नहीं मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य की उठा ली है जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने तथा आम जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। धमतरी विकासखंड के लीलर कलस्टर अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में आई प्रमिला साहू को अब अपने स्वास्थ्य की चिंता नहीं रही है। गांव में ही लगे समाधान शिविर में पहुंचकर उन्होंने आयुष्मान कार्ड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिसका विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल समाधान कर दिया गया।

श्रीमती प्रमिला ने बताया कि उनके पति खेती-किसानी का काम करते है, उनकी दो बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। घर में वे पति के साथ जीवनयापन कर रही है, बुजुर्ग अवस्था होने के कारण उनकी देखरेख के लिए उनके पास कोई भी नहीं है। ऐसे में स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें चिंता लगी रहती थी। लेकिन शिविर में उनका आयुष्मान कार्ड बन जाने से अब उनकी चिंता दूर हो गयी है। आयुष्मान कार्ड बनने पर श्रीमती प्रमिला ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेश के हर वर्ग को शासन की योजनाओं से लाभ दे रहे हैं।

---

# आंगनबाड़ी निर्माण को लेकर भाजपा नेताओं का दोहरा चरित्र : योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आंगनबाड़ी केंद्र का मुख्य उद्देश्य भारत में बच्चों और गर्भवती माताओं के लिए पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएं प्रदान करना है। यह केंद्र एक एकीकृत बाल विकास सेवा योजना के तहत काम करता है, जिसका उद्देश्य जन्म से लेकर छह वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य और विकास को बढ़ावा देना है। परंतु विगत दिनों सुंदरगंज वार्ड के गार्डन की जमीन में पुराने कॉलम में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण के मामले सामने आने के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा ने इसे भाजपा नेताओं का दोहरा चरित्र बताया है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि पूर्व में बनियापारा वार्ड के तत्कालीन पार्षद के कार्यकाल में शासन के द्वारा वार्ड में आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई थी जिसके निर्माण के लिए सेंचुरी गार्डन के अनुपयोगी स्थान पर सभी कागजी कार्यवाही पूर्ण होने के साथ टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी थी परंतु निगम में भाजपा की सरकार आने के बाद राजनीतिक दुर्भावनावश आंगनबाड़ी भवन निर्माण पर रोक लगा दी गई और बताया गया कि गार्डन की जमीन पर आंगनबाड़ी भवन का निर्माण नहीं किया जा सकता जिसका सभी साक्ष्य दस्तावेज उपलब्ध है। यदि बनियापारा वार्ड स्थित गार्डन की जमीन पर आंगनबाड़ी भवन का निर्माण नहीं हो सकता हैं तो सुंदरगंज वार्ड स्थित गार्डन की जमीन पर आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कैसे हो सकता है। क्या सुंदरगंज वार्ड के लिए कोई नियम कानून नहीं है।

---

# सर्वोदय स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा



ईशा यादव


हुमैरा कुरैशी


मीनाक्षी साहू


आमनी


चंद्रहास देवांगन


जागृति साहू

- कक्षा 5वीं में ईशा यादव, 8वीं में आमनी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक शाला धमतरी में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवीं में प्रथम ईशा यादव 93.50 प्रतिशत, द्वितीय हुमैरा कुरैशी 93 प्रतिशत, तृतीय मीनाक्षी साहू 86.50 प्रतिशत रहे। कक्षा आठवीं में प्रथम आमनी 91.67 प्रतिशत, द्वितीय चंद्रहास देवांगन 91 प्रतिशत, तृतीय जागृति साहू 90.67 प्रतिशत रहे। इस अवसर पर कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य टीआर सिन्हा एवं मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत सिन्हा, उपप्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

### भखारा में गायत्री महायज्ञ

**कोर्रा(भखारा)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा विश्व कल्याण के लिए बुद्ध पूर्णिमा पर गृहे- गृहे यज्ञ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत पूर्व पार्षद भारती साहू ने वार्ड क्रमांक 5 नगर पंचायत भखारा में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया।

### पूर्णिमा पर हुई महानदी की महाआरती

**नगरी।** बैसाख पूर्णिमा पर सोमवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में महानदी की महाआरती हुआ। विदित हो कि संस्था के संस्थापक एवं संरक्षक महंत साध्वी प्रज्ञा भारती एवं वेदरतन सेवा प्रकल्प राजिम कुंभ के मार्गदर्शन में सप्त ऋषियों की तपोस्थली, चित्रोत्पला गंगा महानदी मैया के उद्गम एवं महर्षि बाल्मीकि आश्रम से प्रगटी बालका नदी के संगम पर प्रत्येक माह पूर्णिमा को विगत 13 वर्षों से महानदी की महाआरती की जाती है।



## खबर संक्षेप



### जल संरक्षण के लिए निकाली जागरुकता रैली, दिलाई शपथ

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बांगाचार के सरपंच अनुपा कोवाची, उपसरपंच सानू नेताम, वार्ड पंच पार्वती बघेल, अजय बघेल, धनाजी गोटा, रामकिशोर कोवाची, सचिव रामप्रसाद दुग्गा, रोजगार सहायक प्रदीप बघेल एवं मितानिन राधिका बघेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुंती बघेल, नंद कुमार बघेल, महिला समूह नाम प्रमीला नरेटी, मालती बघेल, ग्रामीण सदस्य शिवप्रसाद कोवाची, जोहन, जयतलाल नरेटी ने जल संरक्षण रैली और तालाब की साफ सफाई किया। पंचायत भवन में जल संरक्षण का शपथ लिया गया, जिसमें ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया।

### अदिति का सुयश

**जगदलपुर।** भैरमदेव वार्ड जगदलपुर निवासी कु. अदिति मिश्रा ने सीबीएसई की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक लाकर शाला व परिवार को गौरवान्वित किया है। अदिति प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रहीं है। उनके पिता आर आई सतीश मिश्रा ने बताया कि अपनी प्रावीण्यता के चलते पूर्व में सीबीएसई जोनल हेड द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर चुकीं है।

### पीएटी एवं पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा (पीएटी एवं पीवीपीटी 25) प्रवेश परीक्षा 15 मई को प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक परीक्षा केंद्रो में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केंद्र 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नंबर 2, 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा 3, 1703 बाल बिहार हायर सेकण्डरी स्कूल बालाजी वार्ड, 1704 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 और 1705 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डी स्कूल में आयोजित किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी मायानंद चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर एवं समन्वयक डॉ. अनिल श्रीवास्तव, प्राचार्य, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा-2 डॉ. अजय सिंह ठाकुर को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### भारतीय सैनिकों के सहायतार्थ 87616 रुपए का ड्राफ्ट कलेक्टर को सौंपा

**जगदलपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के द्वारा 26 निर्दोष हिंदुओं की निर्मम हत्या तथा भारत की आत्मा पर हुए हमले के बाद भारत सरकार तथा भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान से जो अघोषित युद्ध हमारे जांबाज सैनिकों ने करते हुए दो दिनों में ही पाकिस्तान को धूल चटा दी। बस्तर जिले के समस्त शिक्षक व कर्मचारियों ने मिलकर सरकार व सेना का हौसला बढ़ाने भारतीय सेना के सहायतार्थ 87616/ रुपए का बैंक ड्राफ्ट प्रधानमंत्री राहत कोष में आज जिला कलेक्टर बस्तर को सौंपा। इस अवसर पर सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रांत अध्यक्ष कैलाश चौहान, उमेश मेश्राम के अलावा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम मिश्रा उपस्थित रहे।

हाईटेक बस स्टैंड बनाने से पहले जिले में सिटी बसों का संचालन हो : नागरिकगण

# अर्जुनी में 80 लाख से बना सिटी बस डिपो कांजी हाउस बनकर रह गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर पालिक निगम द्वारा 8 साल पहले ग्राम अर्जुनी में 80 लाख से बनाया गया सिटी बस डिपो अब कांजी हाउस बनकर रह गया है। पहले इस जगह रात में सिटी बसों का स्टापेज हुआ करती थी। जबसे सिटी बसें शहर से गायब हुईं, निगम इसका उपयोग कांजी हाउस के रूप में आवारा मवेशियों को रखने के लिए कर रहा है। इन दिनों कांजी हाउस में 80 से 100 मवेशी रखे गए हैं। चारा पानी की व्यवस्था निगम करता है। शहर के नागरिक चाहते हैं कि इसका उपयोग पीले की भांति सिटी बसों के लिए किया जाना चाहिए ताकि इस स्थान का सदुपयोग हो।



नागरिकों का कहना है कि सस्ता और सुलभ सिटी बसें हर वर्ग की खास पसंद हैं। अब तो डिपो के साइड में ही हाईटेक बस स्टैंड बनता जा रहा है। इस लिहाज से सिटी बस डिपो की उपयोगिता बढ़ गई है। यात्री सिटी बस का उपयोग करके अर्जुनी स्थित प्रस्तावित नया बस स्टैंड में पहुंच सकते हैं।

शहर के नागरिक हरीश विनायक, जितेन्द्र देवांगन, सिप्पू शर्मा, लखन विश्वकर्मा, महेन्द्र मानिकपुरी आदि का कहना है कि अर्जुनी में ही हाईटेक बस स्टैंड बनना प्रस्तावित है जिसकी कार्ययोजना तैयार है।

सत्र के अंदर हाईटेक बस स्टैंड बन भी जाएगा। इससे पहले सिटी बसों का संचालन जिला में पूर्ववत की तरह शुरू करें ताकि 80 लाख की लागत से बने सिटी बस डिपो का सदुपयोग हो सके। नागरिकों ने महापौर रामू रोहरा से आग्रह किया कि सिटी बस सेवा को पुनः प्रारंभ करें ताकि आम आदमी को सस्ता और सुलभ परिवहन सुविधा मिल सके।

बता दें कि 25 अप्रैल 2015 को निगम ने सिटी बस स्टापेज के लिए 78.33 लाख खर्च कर डिपो का निर्माण किया था जिसका लोकार्पण तत्कालीन नगरीय निकाय मंत्री अमर अग्रवाल एवं पंचायत मंत्री अजय चन्द्राकर, जिला प्रभारी मंत्री रमशीला साहू, सांसद चंदूलाल साहू ने सन 2017 में हुआ था। यहां सुरक्षित ढंग से रात में सिटी बसों का स्टापेज होता था।

सिटी बसों का संचालन बंद होने के बाद यह परिसर जर्जर हालत में पहुंचने लगा है, जहां साफ-सफाई के बाद पिछले 6-7 वर्षों से मवेशियों को रखने का ठिकाना बना दिया गया है। इस कांजी हाउस में निगम की काऊ कैचर टीम द्वारा सड़कों में घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर रखा जाता है। यहां निगम द्वारा चारा, पानी, छांव की व्यवस्था की गई है। निगम ने यहां तीन कर्मचारियों की ड्यूटी देखरेख के लिए लगाई है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सिटी बस सेवा फिर से संचालित होगी। इसके लिए शासन स्तर पर बातचीत चल रही है।

## मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल के पदाधिकारी आज लेंगे शपथ

- कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम कार्यक्रम में होंगे शामिल
- अध्यक्ष जीवराखन मरई ने सभी सदस्यों और जनता से उपस्थिति का किया आग्रह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल के नवनियुक्त न्यासी एवं कार्यकारिणी सदस्य 15 मई गुरूवार को मंदिर परिसर में दोपहर 12 बजे शपथ लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीवराखन मरई ने आम जनता से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है। अध्यक्षता माधव सिंह ठाकुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि विकास मरकाम, विधायक अजय चन्द्राकर, अंबिका मरकाम, ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, शीला, सविता, महेश, दीपक छैदेया होंगे। अन्य अतिथि जयपाल ठाकुर, नारायणसिंह ध्रुव, ललित ठाकुर, ठाकुरराम नेताम, सुरेन्द्र ध्रुव, अजय फत्तेलाल ध्रुव, गरिमा धनुष नेताम, अंगिरा ध्रुव, श्यामलाल नेताम, खिलेन्द्र पडौटी, चंद्रकला नेताम, ईश्वर नेताम, मानसिंग मरकाम, सीताराम नेताम, रिखीराम मरकाम, सुरेन्द्र सोरी, नरेश छैदेया, पूरण नेताम, सुरेश ध्रुव, लालसिंह चंद्रवंशी, कृष्ण नेताम, सुभाष कतलाम, राधेश्याम नेताम, हुलार सिंह कोर्राम, गजानंद मरकाम, रामसाय मंडावी, तामेश्वर ठाकुर, सीताराम सोरी होंगे।

शपथ लेने वालों में अध्यक्ष जीवराखन मरई, उपाध्यक्ष माधवसिंह ठाकुर, सचिव ढालूराम ध्रुव, सहसचिव देवानंद नेताम, कोषाध्यक्ष ओंकारसिंह नेताम, सदस्यों में हेमलाल ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर, नरोत्तमसिंह ठाकुर, सरजूराम ठाकुर, मनराखन ठाकुर, ईश्वर सिंह नेताम, उदय नेताम, गणेश्वर ध्रुव, जयपाल सिंह ठाकुर, ललित ठाकुर, छेदप्रसाद कौशिल, नारायणसिंह ध्रुव, ठाकुरराम नेताम, समारूराम नेताम, नंदा ध्रुव, शशि ध्रुव, भगतराम उइके, शत्रुहन नेताम, रामजी ध्रुव, बलीराम ध्रुव हैं।

## ज्ञान अमृत स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ज्ञान अमृत विद्यालय धमतरी में केन्द्रीयकृत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हिन्दी माध्यम से कक्षा 5वीं में प्रथम हर्षिता निर्मलकर 97.50 प्रतिशत, द्वितीय ललेश साहू 93.50 प्रतिशत, तृतीय हिषीका देवांगन 93 प्रतिशत एवं 8वीं में प्रथम चांदनी पटेल 92.33 प्रतिशत, द्वितीय चित्ररेखा साहू 88.67 प्रतिशत, पलक साहू 87.50 प्रतिशत तृतीय रही। अंग्रेजी माध्यम से 5वीं में प्रथम विभूति पद्मशाली 95.50 प्रतिशत, द्वितीय तारिणी बावने 94.50 प्रतिशत, तृतीय काव्या सोनी 92.50 प्रतिशत एवं 8वी में प्रथम अजय 91.83 प्रतिशत, द्वितीय अर्पिता गुप्ता 90.83 प्रतिशत, नवीन नायडू 89 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानपाठिका पुष्पलता जाधव ने कहा कि यह छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर भुनेश्वरी देवांगन, ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीषा अंकमवार, हेमलता देवांगन, हिमानी साहू, पूजा राजवानी, रूमानी कुरैशी, ज्योति सानी, गायत्री दुबे, प्रियंका सोनी, अनुपा टंडन, सिध्दिति सोनी, प्रिया शर्मा, शीतल सोनी, अलिशा मेमन, लीना सिन्हा, नेहा सिन्हा, गायत्री देवांगन, डिकेश नाग, शैलेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू समेत छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

## विद्याकुंज स्कूल लोहरसी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



निधि मानेक | सोमिल जसूजा | सानिध्य सिन्हा | आस्था साक्षी | आयुष जटवार | विनीता साहू



रितिक साहू | दीक्षा सिन्हा | अपर्णा साहू | रैना गौतम | येशिका देवांगन | सुयशा साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्याकुंज स्कूल लोहरसी के छात्रों का परिणाम श्रेष्ठ रहा। कक्षा 12वीं में 104 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 100 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 4 पूरक रहे, जिसमें 85 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 14 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 96.15 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम निधि मानेक 93.4 प्रतिशत, द्वितीय सोमिल जसूजा 92.4 प्रतिशत, तृतीय सानिध्य सिन्हा 91.6 प्रतिशत एवं आस्था साक्षी 91.6 प्रतिशत, चतुर्थ आयुष जटवार 91.2 प्रतिशत, पंचम विनीता साहू 90 प्रतिशत रही।

दसवीं में कुल 111 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 106 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए एवं 5 पूरक आए। 74 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 20 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। दसवीं का परीक्षा परिणाम 95.5 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम रितिक साहू 94 प्रतिशत, द्वितीय दीक्षा सिन्हा 91.6 प्रतिशत एवं अपर्णा साहू 91.6 प्रतिशत, तृतीय रैना गौतम 91.2 प्रतिशत, चतुर्थ येशिका देवांगन 91 प्रतिशत, पंचम सुयशा साहू 90.8, श्रेयांश आडवानी 90.2 प्रतिशत रही। सफल विद्यार्थियों को मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुमन तिवारी, प्राचार्य शैलेश जगताप एवं स्कूल स्टाफ ने शुभकामनाएं दी।



श्रेयांश अडवानी

## बेटियों ने मातृ शक्तियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बिटिया सम्मान समिति की सदस्यों द्वारा मातृ दिवस पर मातृ शक्तियों के लिए श्री रामजानकी मठ मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बेटियों ने सभी माताओं का पुष्प वर्षा से स्वागत कर पद प्रक्षालन के पश्चात हल्दी, कुमकुम ,पुष्पमाला से सम्मानित किया। भेंट स्वरूप तांबे का पात्र सभी माताओं को प्रदान किया।

बिटिया सम्मान समिती की प्रभारी श्रीमती नलिनी मिश्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान परिवेश में युवा पीढ़ी में पाश्चात्य के प्रभाव को कम करने के लिए संदेश देना था। महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती पूजा मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूत करता है।

कार्यक्रम में श्रीमती पूजा मिश्रा, सरिता दीवान, नलिनी मिश्रा, ममता मिश्रा, ममता शर्मा, मंजुलता शर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, गीता पांडे, संजू मिश्रा, राजश्री पांडे, शताक्षी दीवान, अपर्णा शर्मा, प्रार्थना पांडे ,शिखा मिश्रा, स्नेहा मिश्रा, प्राची चतुर्वेदी, वर्षा चतुर्वेदी, शिल्पा शर्मा, स्वाति पांडेय, अर्चना पांडेय, सुनीता पांडेय, अरुंधति मिश्रा उपस्थित रहीं।

## मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



सोनाली मूलवानी | अर्णव शंकर यादव | वंशिका कार्रा | प्रांजल मिश्रा | करमवीर मुंडी | प्रशांत देवांगन | शशांक साहू

**धमतरी।** सीबीएसई ने कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। मेनोनाईट इंग्लिश सी.से.स्कूल धमतरी की कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्रों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। कक्षा बारहवीं के विज्ञान और वाणिज्य संकाय के छात्रों का परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत रहा। प्रथम सोनाली मूलवानी 86 प्रतिशत, द्वितीय अरनव शंकर यादव 84 प्रतिशत एवं तृतीय वंशिका कार्रा 82.2 प्रतिशत रही। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 91.7 प्रतिशत रहा। प्रथम प्रांजल मिश्रा 89.2 प्रतिशत, द्वितीय करमवीर मुंडी 87.6 प्रतिशत, तृतीय प्रशांत देवांगन 87.4 प्रतिशत और चतुर्थ शशांक कुमार साहू 84.8 प्रतिशत रहे। शाला प्रबंधन समिति के चेयरमैन एमके मसीह एवं प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों के साथ प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा एवं शाला परिवार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बीसीएस पीजी कालेज में प्रायोगिक मॉडल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर भौतिकी प्रायोगिक परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं व्दारा प्रायोगिक मॉडल का प्रदर्शन किया गया जिससे ग्रुप एक से फनेश्वरी, भूमिका, सुषमा, गुलशन व्दारा ऑटोमेटिक डिमर बनाया गया, जो दैनिक जीवन में लाइट को एडजस्ट करता है। लाइट की खपत को कम करेगा। ग्रु-दो से सुषमा, हर्ष, मनीष, टीकम व्दारा ऑपरेशन एम्लियर बनाया गया जिसे डिजिटल कैलकुलेटर, लाइट स्पीकर में प्रयोग किया जाता है। ग्रुप तीन से प्रीति कुमारी एवं ताराचंद ने थेवेनिन मॉडल प्रस्तुत किया। ग्रुप चार से पुनेश्वर, माधुरी, भूपेन्द्र, सुमन, अंजलि ने फ्लिप फ्लाप बनाया। इसका प्रयोग स्टोरेज डिवाइस के रूप में होना है। विदित हो कि उक्त उपकरणों को प्रयोगशाला में विद्यार्थियों व्दारा अध्ययन किया जाता है। किशोर चेलक विभागाध्यक्ष भौतिकी एवं हिमांशी कदम व्दारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया गया। ये सभी उपकरण प्रोजेक्ट वर्क अंतर्गत एम.एस.सी. भौतिकी के विद्यार्थियों व्दारा बनाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

## हिमांशु ने सीबीएससी 12वीं में 94.2 प्रतिशत अंक पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा 12 वीं बोर्ड में हिमांशु पिता गौतम चोपड़ा ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार एवं शिक्षकों का मान बढ़ाया है। रामबाग निवासी गौतम चोपड़ा के पुत्र हिमांशु चोपड़ा डीपीएस स्कूल इंदौर (मप्र) में अध्ययनरत हैं। उन्होंने कला संकाय में पढ़ाई की और सभी विषयों में ए 1 ग्रेड प्राप्त किया। उनकी इस सफलता पर परिवार में हर्ष व्याप्त है। हिमांशु पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा के भतीजे हैं।

पुलिस प्रशासन से घटना की जांच कर हमलावरों को सजा दिलाने की मांग की

# विधायक-महापौर ने घायल से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी में बरडिया ज्वेलरी दुकान में गोलीबारी की घटना हुई है। दो नकाबपोश अज्ञात हमलावरों ने दुकान में घुसकर फायरिंग की। इस घटना में दुकान संचालक भंवर बरडिया और उनकी बेटी नैना बरडिया घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विधायक ओंकार साहू ने घायल परिवार से मुलाकात की। विधायक ने पुलिस प्रशासन से घटना की जांच कर हमलावरों को जल्द से जल्द पकड़कर सजा दिलाने के लिए कहा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि धमतरी शहर के इतिहास में दुकान के अंदर इस प्रकार की फायरिंग पहली घटना है। इस दौरान थाना प्रभारी राजेश मरई ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर हमलावरों की पहचान करने के लिए फुटेज का विश्लेषण कर रहे हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। मौके पर जिलाध्यक्ष शरद लोहना, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवनी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, शहर कांग्रेस ब्लॉक -1 के अध्यक्ष आकाश गोलछा, विशु देवांगन, ऋषभ ठाकुर, धर्मेंद्र पटेल समेत पुलिस प्रशासन व बरडिया परिवार उपस्थित था। महापौर ने मसीही अस्पताल में भर्ती दुकान संचालक से उनका हालचाल जाना। इधर हमलावरों की गोली से घायल इलाज के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती भंवरलाल बरडिया से महापौर रामू रोहरा ने मुलाकात की। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। साथ ही श्री बरडिया को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से फोन पर बात कराई।











